28/04/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाइक ने आज ईटानगर के स्टेट बैंक्वेट हॉल में 'एवार्नेस एण्ड ओबजार्वेशन ऑफ ऑटिज्म मंथ' में भाग लिया। दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राज्यपाल ने सामाजिक न्याय मंत्री कैंतो जिनी के साथ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षण और सीखने की किट, सहायक उपकरण वितरित किया। उन्होंने इस अवसर पर माता-पिता और उनके ऑटिस्टिक बच्चों, शिक्षकों और चिकित्सा विशेषज्ञों और पुनर्वास एवं विशेष केंद्रों के देखभालकर्ताओं के साथ बातचीत भी की। राज्यपाल ने माता-पिता को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उनकी चुनौतियों का समाधान करेगी। राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में, उन्होंने सार्थक शोध के लिए ऑटिज्म पर पीएचडी विषय शुरू करने का आश्वासन दिया, जो इस न्यूरो-विविधता चुनौती को संबोधित करने में उपयोगी होगा। इस बीच, राज्यपाल ने राज्य में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की गहन समीक्षा और मानचित्रण का आह्वान किया ताकि उनके लिए एक प्रभावशाली नीति बनाई जा सके।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि एपीसीएस अधिकारी कोमकार दुलोम, बी.जे. दुइया और कांतो दांगगेन को सुपर टाइम स्केल में पदोन्नत किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पदोन्नति 23 अप्रैल को आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिशों के आधार पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनायक द्वारा की गई है।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सेवा के प्रति उनका समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता वास्तव में प्रेरणादायक है। सुपर टाइम स्केल एक ग्रेड है जो अधिकारियों को 17 से 20 साल की सेवा पूरी करने के बाद दिया जाता है।

0000000000000000000

ईस्ट कामेंग जिले के गार्जियन मिनिस्टर गेब्रियल डी. वांगसू ने आज जिला सचिवालय, सेप्पा में एक समन्वय बैठक की अध्यक्षत की। इस बैठक में बेहतर प्रशासन और कुशल सेवा वितरण के लिए अंतर-विभागीय समन्वय को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने ईस्ट कामेंग जिले के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, कल्याणकारी योजनाओं को बढ़ावा देने और स्थानीय मुद्दों को तुरंत हल करने पर जोर दिया। बैठक में ईस्ट कामेंग जिले के विधायकों और जिला अधिकारियों ने भाग लिया।

0000000000000000000

ऑपरेशन डॉन 2.0 के तहत नशीली दवाओं के खतरे के खिलाफ चल रही लड़ाई में, एसपी नाहरलागुन मिहिन गाम्बो और एसडीपीओ नाहरलागुन की निगरानी में नाहरलागुन पुलिस स्टेशन ओसी, इंस्पेक्टर कृष्णेंदु देव के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने कल नाहरलागुन के कंगकर नाला पुल के पास एक ड्रग एडिक्ट को गिरफ्तार किया। उसके बयान के आधार पर, लोअर मॉडल विलेज में एक त्वरित छापेमारी के तहत, दो ड्रग पेडलर्स को भी हिरासत में लिया गया।

पुलिस द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसारा, तलाशी के दौरान, संदिग्ध हेरोइन की 16 शीशियां, 11 खाली शीशियां, पैकेजिंग सामग्री और 7060 रुपय बरामद कर जब्त कर ली गई और एनडीपीएस अधिनियम के तहत नाहरलागुन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

00000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की समृद्ध जैव विविधता और संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा देते हुए, सी.एस.आई.आर. - हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएचबीटी), पालमपुर के वैज्ञानिकों ने दिबांग वैली में एक नई आर्किड प्रजाति, **हेमिपिलिया हिमालयेंसिस** की खोज की है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह आर्किड प्रजाति राज्य के अल्पाइन घास के मैदानों में 4000 मीटर की ऊंचाई पर पनप सकती है। इस खबर पर प्रतिक्रीया देते हुए, उपमुख्यमंत्री, चाउना मेन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में नई आर्किड प्रजाति, **हेमिपिलिया हिमालयेंसिस** की खोज करने पर सीएसआईआर-आईएचबीटी, पालमपुर के वैज्ञानिकों की टीम की सराहना की है। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि, यह खोज न केवल राज्य की अविश्वसनीय जैव विविधता को समृद्ध करती है बल्कि निरंतर अनुसंधान और संरक्षण प्रयासों के महत्व पर भी प्रकाश डालती है।

0000000000000000000000

तवांग जिले में रविवार से अगामी 30 अप्रैल तक आयोजित नेशनल यूथ एक्सपोजर प्रोग्राम 2025 में मेघालय के 10 से अधिक अधिकारियों सहित छियासठ उत्साही प्रतिभागियों का एक समूह भाग ले रहें है।

यह कार्यक्रम अरुणाचल प्रदेश के युवा मामलों के विभाग के सहयोग से मेघालय के खेल और युवा मामलों के निदेशालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र आज सुबह तवांग के ज़ोम्खांग हॉल में हुआ। नेशनल यूथ एक्सपोजर प्रोग्राम 2025 सभी प्रतिभागियों के लिए एक समृद्ध अनुभव प्रदान करने के साथ ही उन्हें विविधता में भारत की एकता की भावना से जुड़ने एवं सीखने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है।

0000000000000

बॉक्सर कांगकू बाजा ने ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में आयोजित 7वीं यूथ अंडर-19 नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 70-75 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया है। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में उन्हें बधाई दी है। श्री मेन ने कहा कि उनकी सफलता राज्य के युवाओं के लिए प्रेरणा है। साथ ही उनके निरंतर विकास और भविष्य की उपलब्धियों के लिए शुभकामानाएं दी।

00000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के तवांग, वेस्ट कामेंग, ईस्ट कामेंग, पाके केसांग, पापुम पारे, कुरुंग कुमे, क्रा दादी, लेपा रादा, सियांग, अपर सियांग, लोअर सियांग, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, अंजाव, लोहित औए नामसाई जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज बारीश होने की संभवना है।

00000000000000000